an>

title: Need to set up a passport office at Sasaram in Bihar.

श्री छेदी पासवान (सासाराम) : मैं जिला के मुख्यालय सासाराम एवं कैमूर जिला के मुख्यालय भभुआ में पासपोर्ट कार्यालय खोलने हेतु आग्रह करना चाहता हूँ। डिस्ट्रिक्ट सासाराम एवं भभुआ पर्यटन एवं संस्कृति की दÂिष्ट से विश्व धरोहर वाला शहर है, जो झारखंड एवं बिहार के बंटवारे के बाद से बिहार के मुख्य शहरों में से एक है। इस क्षेत्र में मानव संसाधन की प्रचुरता है। यहाँ से दुनिया भर में आवश्यक मानव शक्ति के नियोजन की असीन संभावनाएं हैं। स्थानीय स्तर पर जरूरतमंद, शिक्षित बेरोजगार, कुशल एवं अकुशल बेरोजगार छात्रों एवं आम-जनों को पासपोर्ट धारण करने में सहूलियत से इस क्षेत्र का सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक उन्नयन होगा। अतः आपके माध्यम से मैं यह अनुरोध करना चाहता हूँ कि इस कार्य के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित करने की कृपा की जाए।

माननीय अध्यक्ष :

श्री अश्विनी कुमार चौबे,

श्री भैरों प्रसाद मिश्र एवं

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री छेदी पासवान द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।